वन प्रशिक्षण केंद्र, अलवर (राजस्थान) के 62 प्रशिक्षणार्थियों के दल का दिनांक 22.3.18 को आफरी भ्रमण

वन प्रशिक्षण केंद्र, अलवर के 62 प्रशिक्षणार्थियों के दल ने श्री धर्मपाल सिंह यादव , सहायक वन संरक्षक एवं श्री सुरेश शर्मा, क्षेत्रीय वन अधिकारी के साथ दिनांक 22.3.18 को शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर का भ्रमण किया। भ्रमणार्थी दल ने भ्रमण के प्रारम्भ में संस्थान की वन संरक्षण, तथा वन पारिस्थितिकी प्रभाग की ICP-MS तथा GIS लैब का भ्रमण कर शोध गतिविधियों की जानकारी ली। प्रशिक्षणार्थियों को उत्तक संवर्धन के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षणार्थियों को पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से संस्थान की शोध गतिविधियों की जानकारी श्री उमाराम चौधरी, भा.व.से., प्रभागाध्यक्ष, कृषि वानिकी एवं विस्तार विभाग ने दी। प्रशिक्षार्थियों ने संस्थान के विस्तार एवं निर्वचन केंद्र का भी भ्रमण किया जहां श्री उमाराम चौधरी, भा.व.से., ने विभिन्न पोस्टरों के द्वारा प्रदर्शित विभिन्न प्रकार की शोध सूचनाओं एवं अन्य सामग्री से संबन्धित जानकारी दी। प्रशिक्षणार्थियों को पर्यावरण तथा वृक्षों के परोक्ष एवं अपरोक्ष लाभों की महत्ता बतायी तथा पोलीथीन के दुष्प्रभाव का भी जिक्र किया।

इसके पश्चात वनरक्षक दल ने संस्थान की उच्च तकनीक प्रयोगशाला का भ्रमण कर पौधशाला संबंधी जानकारी हासिल की। श्री चौधरी ने नर्सरी संबंधी तथा औषधीय पौधों की जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को कराई। श्री सादुलराम देवड़ा ने भी प्रशिक्षणार्थियों को उक्त संबन्धित जानकारी करायी। प्रशिक्षणार्थियों को प्रचार प्रसार सामग्री भी उपलब्ध करायी गई । भ्रमण कार्यक्रम का समन्वयन श्री उमाराम चौधरी भा.व.से. ने किया।

SANDY SALT AFFECTED SOIL FOR
PRODUCTIVITY

THROUGH BIODRAINAGE